# आज जारी होगी किसान सम्मान निधि योजना की 20वी किश्त

**■ डीएम ने ली योजना से संबधित अधिकारियों की बैठक**
**प्रत्येक न्याय पंचायत में किसान गोष्ठियों का आयोजन करने के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त आज एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से लाभार्थियों को जारी की जाएगी। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद में भी योजना को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंच. ाने के लिए तैयारियाँ तेज पूर्ण कर दी गई है। योजना के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की।

जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने अधिकारियों को प्रत्येक न्याय पंचायत में किसान गोष्ठियों का आयोजन कर अधिकतम पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम जनपद मुख्यालय स्थित विकास भवन में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट से पीएम किसान योजना से जुड़े लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि जिन लाभार्थियों ने भूमि शिड्यूलिंग एवं बैंक खातों की केवाईसी पूरी कर ली है, उन्हें योजना की किश्तें नियमित रूप से प्राप्त हो रही हैं। बताया कि नए पात्र लाभार्थियों के लिए भी भूमि शिड्यूलिंग, बैंक केवाईसी एवं आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने किसानों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कृषि कल्याण योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गोष्ठियों में उन्नत कृषि यंत्र, बेहतर किस्म के बीज और वैज्ञानिक खेती की तकनीकों पर भी किसानों को प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे अपनी कृषि आय में वृद्धि कर सकें। प्रत्येक गोष्ठी में चयनित पंचायत सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित कर ग्राम स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी सशक्त करने के निर्देश दिये।

# पंचायत चुनाव में गंगोत्री के पूर्व विधयक का रहा दबाव

**उत्तरकाशी:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण का प्रभाव रहा निर्णायक, समर्थकों ने शानदार जीत दर्ज की है। गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भटवाड़ी एवं डुंडा विकासखंडों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के घोषित परिणामों में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य (ठक्ब) एवं जिला पंचायत सदस्य पदों पर पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण के समर्थकों ने बड़ी संख्या में विजय हासिल की है। पूर्व विधायक श्री सजवाण ने सभी विजयी जनप्रति. निधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इस जनादेश को प्रत्याशियों की वर्षों की जनसंवाद यात्रा और सेवा कार्यों का प्रतिफल बताया।यह जीत जनता के उस भरोसे की पुष्टि है जो वर्षों से हमारे विचार, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति बना हुआ है।

# तीन को आयोजित होगी पुलिस तथा पीएसी आईआरबी (आरक्षी) की लिखित परीक्षा

**■ परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रो पर धारा-163 रहेगी प्रभावी ,जनपद में 6 परीक्षा केंद्रो पर आयोजित होगी परीक्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरुष) तथा आरक्षी पीएसी/आईआरबी (पुरुष) के पदों पर चयन को लेकर तीन अगस्त को लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान समस्त परीक्षा केंद्रों में धारा-163 प्रभावी रहेगी।


उप जिला मजिस्ट्रेट भगत सिंह फोनिया ने बताया कि उक्त परीक्षा 3 अगस्त को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित की जायेगी। तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत 6 परीक्षा केंद्र में 1339 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीघ्क्षा अवधि में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं एवं परीक्षार्थियों को अनुि. चत साधन के प्रयोग के मध्यनजर सब डिविजन रुद्रप्रयाग के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 प्रभावी रहेगी। उन्होने बताया कि परीक्षा अवधि के दौरान समस्त परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में पांच से उससे अधिक व्यक्तियों के एक साथ एकत्रित नही होगें। इसके अलावा सार्वजनिक सभा, जुलूस, जश्न के रूप में कोई उत्सव रैली नहीं निकाली जाएगी। लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्णत: बंद रहेगा, किसी तरह के आग्नेयास्त्र, लाठी, डंडा, चाकू, हॉकी, स्टिक, खूखरी, तलवार आदि प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग, स्व. हरिदत्त बेंजवाल अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज रतूड़ा, शहीद गोविंद सिंह राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग व गुरूराम राय पब्लिक स्कूल तिलणी शामिल हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# उत्तरकाशी के डीएम की शरारती तत्वों ने बनाई फेंक फैस बुक आईडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 01 अगस्त : सोशल मीडिया पर शरारती तत्वों ने उत्तरकाशी के डीएम नाम से फेंक फेसबुक आईडी बनाई गई है,जिसका दुरुपयोग और भ्रामक जानकारियां प्रसारित करने की आशंका है। जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने की अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि डीएम उत्तरकाशी की कोई निजी फेसबुक आईडी या प्रोफाइल नहीं है। इस फेक प्रोफाइल से यदि किसी प्रकार का मैसेज,अनुरोध या सूचना प्राप्त हो तो उस पर विश्वास न करें और तुरंत इसकी जानकारी प्रशासन या साइबर सेल को दें।

जिला प्रशासन ने यह भी कहा है कि संबंधित मामले की जांच कराई जा रही है और साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




जिला प्रशासन उत्तरकाशी द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे केवल आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर ही विश्वास करें और किसी भी भ्रामक पोस्ट को साझा करने से बचें।

# मनीषा की जीत, ब्लॉक प्रमुख पद की राह हुई आसान

**■ महज 14 मतों से हारकर बाहर हुई प्रिंसी रावत, सोशल मीडिया पर दी प्रतिक्रिया**
**विकासखंड प्रतापनगर में मनीषा पंवार बनीं सबसे मजबूत दावेदार, समर्थकों में उत्साह**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मानी जा रही हॉट सीट पर कोटगा, बसेली कांडा से मनीषा पंवार ने बाजी मारते हुए निर्णायक जीत दर्ज की है। मनीषा पंवार को कुल 633 मत मिले, जबकि दूसरे स्थान पर रहीं प्रत्याशी चौहान को 412 मतों पर संतोष करना पड़ा। इस तरह मनीषा पंवार ने 221 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल कर ब्लॉक प्रमुख पद की दौड़ में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

वहीं दूसरी ओर, क्यारी, सुजडगांव और बौंसाडी क्षेत्र की सामान्य क्षेत्र पंचायत सदस्य सीट पर मुकाबला बेहद करीबी रहा। यहां से चुनाव लड़ रहीं प्रिंसी रावत को मात्र 14 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

इस सीट से विशन सिंह रांगड़ को 458 वोट मिले, जबकि प्रिंसी रावत को 443 मत प्राप्त हुए। इस बेहद मामूली अंतर ने प्रिंसी रावत की ब्लॉक प्रमुख पद की संभावनाओं को गहरा झटका दिया है।

प्रिंसी रावत, जो ब्लॉक प्रमुख पद की प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं, ने चुनाव परिणाम के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने लिखा कि क्षेत्र पंचायत सीट की जनता को इस समय एक ब्लॉक प्रमुख नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रतिनिधि चाहिए था जो सीधे तौर पर उनके साथ जुड़ा रहे, और जनता ने उसी अनुसार अपना निर्णय लिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव हारने के बावजूद वे जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी और जनहित के कार्यों में अपना योगदान देती रहेंगी।

मनीषा पंवार की यह जीत न केवल क्षेत्रीय राजनीति में उनकी सशक्त मौजूदगी का संकेत देती है, बल्कि ब्लॉक प्रमुख पद की रेस में उन्हें सबसे मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है। समर्थकों और स्थानीय जनता में इस जीत को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और अब निगाहें ब्लॉक प्रमुख पद के अंतिम चुनाव पर टिक गई हैं।

## एक नजर .......

### एलयूसीसी के सदस्यों का प्रदर्शन जारी रहा

**कोटद्वार।** द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों ने शासन प्रशासन से कंपनी में डूबी रकम को दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को लगातार 26वें दिन भी तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को एलयूसीसी के सदस्य तहसील में एकत्र हुए। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। कहा कि सभी सदस्य शासन-प्रशासन से कंपनी में फंसी उनकी रकम वापस दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में सुरेश नेगी,बिरेंद्र सिंह,जयपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, ज्योति नेगी,अंजू डबराल,विनिता भारती,सुमन गुसाईं,शिवानी नेगी,नीतू पटवाल, कंचन देवी,ममता रावत,सुनीता रावत, कुलवंत पंवार, आदि मौजूद रहे।

### कोटद्वार-लालढांग-चिलरखाल-हरिद्वार मोटर मार्ग निर्माण की मांग

**कोटद्वार ।** श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्द्धन समिति ने कोटद्वार-लालढांग-चिलरखाल-हरिद्वार मोटर मार्ग निर्माण की मांग की है। कहा कि इस मोटर मार्ग के अब तक न बनने से उत्तराखंड के लोगों को नजीबाबाद होते हुए लंबी दूरी तय कर देहरादून जाना पड़ रहा है। इस संबध में समिति अध्यक्ष आरपी पंत व महासचिव सतीश चंद्र शर्मा की ओर से केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि लगभग सन 1965 से यह सड़क अस्तित्व में है और इस मोटर मार्ग पर तब से ही यात्री वाहनों का संचालन होता आया है। यह सड़क बरसात के मौसम के दौरान बंद हो जाती है, इस कारण कोटद्वार व पहाड़ी क्षेत्रों से देहरादून जाने वाले यात्रियों को यूपी के नजीबाबाद से होकर जाना पड़ता है। वहीं जब भी चुनाव का समय आता है तब राजनैतिक दलों की ओर से इस सड़क को मुख्य मुद्दा बनाकर जनता से वोट मांगे जाते हैं, लेकिन सड़क अभी भी वन कानूनों के पेंच में फंसी हुई है और कोई भी राजनैतिक दल इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि व्यापक जनहित को देखते हुए इस सड़क का निर्माण शीघ्र करवाया जाना चाहिए।

### शिक्षक - अभिभावक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों से अपने पाल्यों को स्कूली कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अमित अग्रवाल, अध्यक्ष मोहनलाल मंमगाई व प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया । तत्पश्चात शिक्षिका गीता बिष्ट द्वारा अभिभावकों से अपेक्षित बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किये गए। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में छात्रों को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है। अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने पाल्यों को स्कूली कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करें। इसके बाद छात्रों को दी जा रही शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों एवं खेल-खेल में शिक्षण, योग एवं आध्यात्मिक शिक्षा तथा आधुनिक कम्प्यूटर पर आधारित गतिविधियों की डॉक्यूमेंट्री बनाकर स्मार्ट पैनल के माध्यम से अभिभावकों को दिखाई गई तथा विद्यालय के शैक्षणिक माहौल पर अभिभावकों को जानकारी दी गई। गोष्ठी में सभी छात्रों के अभिभावक और विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू, कुलपति ने दिया गुरु-शिष्य परंपरा का संदेश

**नई टिहरी।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में नवप्रवेशी छात्रों के लिए दस दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्वक की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय की अध्ययन परंपरा, शैक्षणिक संस्कृति और संस्कृत शिक्षा की मूल भावना से परिचित कराना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

# लक्ष्मण खत्री ने पूर्व मंत्री की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत भाजपा जिलाध्यक्ष को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के बीच चमोली जिले की रानों जिला पंचायत सीट से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र भंडारी की पत्नी और निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। रानों सीट से पूर्व सैनिक लक्ष्मण खत्री ने रजनी भंडारी को हराकर बड़ी जीत दर्ज की है।चौंकाने वाली बात यह भी रही कि इसी सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा चमोली जिलाध्यक्ष भी चुनावी मैदान में पिछड़ गए और चौथे स्थान पर रहे।रजनी भंडारी की इस हार के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इसे न केवल उनकी व्यक्तिगत राजनी. तिक जमीन पर चोट के तौर पर देखा जा रहा है, बल्कि इस हार को उनके पति राजेंद्र भंडारी के भविष्य से भी जोड़ा जा रहा है।गौरतलब है कि राजेंद्र भंडारी पूर्व मंत्री रहे हैं, लेकिन हाल ही में लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में वह भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला से उन्हें शिकस्त मिली थी।अब रानों सीट पर उनकी पत्नी की हार ने भंडारी परिवार की सियासी साख को बड़ा झटका दिया है।

# स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 01, अगस्त : स्वास्थ्य विभाग ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों में शुक्रवार से 29 सितंबर 2025 तक डायरिया रोकथाम के लिए सघन डायरिया पखवाड़ा 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह जिले भर में चलाया जा रहा है । जिसका मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्युदर में कमी लाना है। साथ ही विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान जनपद के समस्त क्षेत्रों में ए एन एम वा आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर - घर जाकर प्रसुता महिलाओं को शिशुओं को स्वयं का दूध पिलाए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्तनपान से शिशुओं को होने वाले लाभ जैसे कि शिशु के व्यापक मानसिक विकास आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत की अध्यक्षता में जिला महिला चिकित्सालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डायरिया रोग, निमोनिया, कुपोषण से बचाव, स्तनपान के लाभ एवं लंग कैंसर के बारे में के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाल रोग विशेषज्ञ, छाती रोग विशेषज्ञ एवं कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा जानकारी दी गई। वर्ल्ड लंग कैंसर डे के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रतियोगिता विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मुष्टिकसौद में छात्र-छात्राओं के बीच डायरिया रोग के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 बी0एस0 रावत द्वारा बताया गया कि मानूसन सीजन में पूरे परिवार के साथ बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल की विशेष आवश्यकता होती है क्योंकि मानसून सीजन में समुदाय स्तर पर अनेकों बीमारियां फैलने व प्रसार का खतरा बना रहता है साथ ही बच्चों में उल्टी एवं दस्त होने की संभावना अत्यधिक रहती है। उनके द्वारा जनपद के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि आजकल पानी को साफ कपड़े से छानकर व उबालकर ही उपयोग करें। डायरिया पखवाड़े के अन्तर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा विद्यालयों एवं गांव में आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा डायरिया रोकथाम हेतु वृहद जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही आवश्यकतानुसार ओ0आर0एस0 एवं जिंक की गोलियां वितरित की जाएंगी। इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक डॉ पी एस पोखरियाल, फार्मासिस्ट बी एस पंवार, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं अन्य समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मंजू देवी ने एक वोट से रची जीत की कहानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लॉक की ग्राम पंचायत म्यूंडी में प्रधान पद का चुनाव बेहद रोचक मोड़ पर खत्म हुआ, जहां मंजू देवी ने केवल एक वोट के मामूली अंतर से जीत दर्ज कर ली। ढुंगमंदार पट्टी स्थित ग्राम पंचायत म्यूंडी में कुल 159 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें से दो वोट अवैध घोषित किए गए। शेष 157 वैध मतों में से मंजू देवी को 79 और उनकी प्रतिद्वंद्वी नीलम देवी को 78 वोट प्राप्त हुए।

परिणाम घोषित होते ही मंजू देवी की जीत की घोषणा हुई, जिससे गांव में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई।

जीत के बाद नीलम देवी ने बड़े दिल का परिचय देते हुए मंजू देवी को शुभकामनाएं दीं और यह भरोसा भी जताया कि वे दोनों मिलकर गांव के विकास के लिए साथ काम करेंगी। लोकतंत्र की यह परिपक्वता ग्रामीण राजनीति में मिसाल बन गई।

इसी प्रकार क्षेत्र पंचायत चौंदाणा में अंबिका पंवार को अपने प्रतिद्वंद्वी अल्का कुमाई से केवल 13 मतों से हार का सामना करना पड़ा। मामूली अंतर ने यहां भी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया। इसी तरह ढुंग क्षेत्र पंचायत सीट पर मीना देवी को आशा देवी से 13 मतों के अंतर से हार झेलनी पड़ी। इन दोनों ही परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया कि पंचायत चुनावों में प्रत्येक वोट का महत्व कितना गहरा होता है।

देवप्रयाग के जामटी जिला पंचायत सीट पर भी मुकाबला उतना ही रोमांचक रहा। यहां भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी प्रभात बिष्ट को निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र भट्ट ने मात्र 11 मतों से पराजित कर दिया। हार से असंतुष्ट होकर प्रभात बिष्ट ने पुनर्मतगणना की मांग की, जिसके बाद मतों का अंतर घटकर सिर्फ 7 रह गया। यह परिणाम क्षेत्र की राजनीति में चर्चाओं का केंद्र बन गया है।इस बार के पंचायत चुनावों में कई सीटों पर जिस तरह बेहद कम अंतर से परिणाम सामने आए हैं , उन्होंने न केवल प्रत्याशियों के लिए सबक छोड़ा है, बल्कि मतदाताओं को भी यह संदेश दिया है कि उनका एक-एक वोट निर्णायक हो सकता है।

यह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने वाली स्थिति है, जहां हर मत की गूंज सत्ता के गलियारों तक पहुंचती है।

# कांग्रेस-भाजपा के बीच रहा कड़ा मुकाबला, निर्दलीय ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। यहां जिला पंचायत की पांच सीटों पर हुए मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस दो-दो सीटों पर विजयी रहीं, जबकि एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने सभी को चौंकाते हुए जीत दर्ज की। चुनावी नतीजे यह दर्शाते हैं कि क्षेत्र में दोनों प्रमुख दलों के बीच कांटे की टक्कर रही, वहीं जनता ने एक बार फिर अपने फैसले से राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दे दिया है।

प्रतापनगर क्षेत्र की सबसे चर्चित और हॉट मानी जा रही मांजफ जिला पंचायत सीट पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी लक्ष्मी पंवार ने भाजपा को कड़ी टक्कर देते हुए जीत हासिल की। लक्ष्मी पंवार को कुल 2373 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा समर्थित प्रत्याशी को 2144 मत मिले। यह जीत कांग्रेस के लिए न केवल रणनीतिक दृष्टिकोण से अहम रही, बल्कि स्थानीय स्तर पर जनसमर्थन की पुष्टि भी मानी जा रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 चुनाव परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जनपद चमोली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की मतगणना पूर्ण हो चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशानुसार सभी नौ विकास खंडों में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना प्रक्रिया संपन्न की गई। जनपद में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 26 जिला पंचायत सदस्य पदों के निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश ने शुक्रवार को निर्वाचित प्रत्याशियों को कलक्ट्रेट में प्रमाण पत्र प्रदान किए।

जिलापंचायत सदस्य के ढाक वार्ड पर आयुषी ने 3032 मत प्राप्त कर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी आशा देवी को 1243 मतों से पराजित किया है। उर्गम वार्ड से रमा देवी को 2509 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी प्रियंका परमार को 78 वोटों से पराजित कर दिया है। सैंजी वार्ड से सन्तोषी ने 2707 मत प्राप्त कर संगीता देवी को 628 मतों से पराजित किया। देवर-खडोरा जिला पंचायत प्रत्याशी जय प्रकाश सिंह ने 3690 मत पाकर दिगम्बर सिंह को पराजित कर 260 मतों से विजयी हुए हैं। पिंलग वार्ड से विपिन फरस्वाण को 2361 मत प्राप्त हुए, उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी प्रकाश बर्तवाल को 108 मतों से पराजित कर दिया है। सलना वार्ड से दिव्या भारती को 1726 मत प्राप्त हुए। दिव्या ने गीता देवी को 48 वोटों से पराजित कर जीत दर्ज कर ली है। रानौ वार्ड में लक्ष्मण सिंह ने 2580 मत प्राप्त कर रजनी भंडारी को 479 मतों से पराजित किया है। थालाबैंड वार्ड वीरेंद्र सिंह ने 1286 मत पाकर दिनेश सिंह को 130 मतों से जीत दर्ज कर ली है। रेखा देवी को 2860 मत मिले। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी शोभा देवी को 118 मतों से पराजित कर जीत हांसिल की। सिमली वार्ड से विक्रम सिंह ने 2235 मत प्राप्त कर देवेंद्र सिंह को 54 वोटों से हाराया। थिरपाक वार्ड में सरोजनी देवी ने 2997 मत प्राप्त कर मीना देवी को 5 मतों के अंतर से पराजित किया। भल्सौं वार्ड से विशम्बरी देवी को 2156 मत प्राप्त हुए। उन्होंने शोभा देवी को 310 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की है। मालसी वार्ड से कामेश्वरी देवी ने 4276 मत प्राप्त कर पूजा को 1844 मतों से पराजित किया। कोठा वार्ड के लिए सुरेश कुमार ने 2334 ने 548 मतों से सुरेंद्र सिंह को पराजित कर जीत दर्ज की। बछुवाबांण वार्ड से अनिता रावत ने 3547 मत प्राप्त कर राधा देवी को 1765 मतों से पराजित किया। अन्द्रपा जिला पंचायत वार्ड से जगदीश सिंह 2201 मत प्राप्त कर अनिल सिंह को 255 मतों से हराकर जीत दर्ज की। कोठली वार्ड से शशी नेगी को 2592 मत मिले, उन्होंने 931 मतों से अमृता को पराजित कर जीत हासिल की। छेकुड़ा वार्ड से सुरेंद्र सिंह नेगी को 1954 मत प्राप्त हुए, उन्होंने संजय सिंह नेगी को 242 मतों से पराजित किया। विनायक वार्ड से प्रदीप बुटोला ने 513 मतों से मनोज सिंह को हराकर जीत हासिल की। उनको 1644 मत प्राप्त हुए। सूना वार्ड से हरीश राम ने 218 मतों से हरीश ज्योति को पराजित किया। हरीश राम ने कुल 1742 मत प्राप्त किए। चौण्डा वार्ड में कला देवी ने 3545 मत प्राप्त कर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी जीवंती देवी का 1463 वोटों से पराजित कर जीत दर्ज की। हाट-कल्याणी वार्ड से उर्मिला बिष्ट ने 367 मतों से मेघा को पराजित किया। उर्मिला को कुल 1859 मत प्राप्त हुए। सवाड़ वार्ड से बलवीर राम को 1114 मत प्राप्त हुए। उन्होंने प्रकाश राम को 12 मतों से परा. जित किया। मटई वार्ड से दौलत सिंह ने 2543 मत प्राप्त कर सुनील कुमार सिंह को 1375 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। बूरा वार्ड से भगवती देवी ने 33 मतों से सुलोचना देवी को पराजित कर जीत हासिल की। भगवती देवी को कुल 2792 मत प्राप्त हुए और भेंटी वार्ड से महेंद्र सिंह ने 1140 मत प्राप्त कर देव सिंह नेगी को 66 मतों से पराजित किया है।

# 22 वर्षीय कंचन बनीं प्रधान ,विकास की नई उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** थौलधार ब्लॉक के अंतर्गत अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित ग्राम पंचायत नकोट गुसाईं में 22 वर्षीय कंचन ने ग्राम प्रधान बनकर इतिहास रच दिया है। इंटरमीडिएट तक शिक्षित कंचन अब इस गांव की सबसे कम उम्र की निर्वाचित प्रधान बन गई हैं। उनकी यह सफलता न सिर्फ युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि ग्रामीण नेतृत्व में नई सोच और ऊर्जा के प्रवेश का संकेत भी है।

साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली कंचन के पिता गिरीश चंद मिस्त्री का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि उनकी मां एक गृहिणी हैं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी कंचन का बचपन कठिनाइयों में बीता, लेकिन उनके भीतर गांव के प्रति गहरी संवेदना और बदलाव की तीव्र इच्छा सदैव बनी रही।

कंचन ने बताया कि उन्हें शुरू से ही गांव की समस्याएं और अव्यवस्थाएं परेशान करती थीं। उन्होंने देखा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे मूलभूत क्षेत्रों में गांव को अभी काफी आगे ले जाने की जरूरत है। जब गांव की सीट आरक्षित हुई और उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने बिना झिझक चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया। जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूती दी है।

अब कंचन का लक्ष्य है कि गांव की युवा पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो और गांव में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। उनका मानना है कि छोटी सोच से बड़ा परिवर्तन संभव नहीं, इसलिए वह हर निर्णय में दूरगामी सोच अपनाने का प्रयास करेंगी।

कंचन की इस ऐतिहासिक जीत ने नकोट गुसाईं गांव में उम्मीद की एक नई किरण जगा दी है। अब पूरा गांव उनकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है, कि कैसे एक युवा महिला नेता गांव को विकास की नई राह पर अग्रसर करेगी।




## शिलान्यास ही नहीं, लोकार्पण भी: गणेश जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी करती है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही जल्द इस भवन का लोकार्पण भी कर लिया जाएगा। यह भवन पहाड़ी शैली में बन रहा है। साथ ही इस नए भवन में सौर ऊर्जा की संपूर्ण व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि लखपति दीदी योजना में अब तक राज्य में 1 लाख 65 हजार लखपति दीदी बनाई गई हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत 30,678 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से करीब 19,600 लोगों को रोजगार मिला है।

# नूरीवाला में बनेगा 58.32 करोड़ से ग्राम्य विकास भवन

## मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास, कहा– ग्रामीण विकास के लिए सरकार गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को डांडा नूरीवाला सहस्रधारा रोड, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 58.32 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ग्राम्य विकास भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रामीण विकास विभाग के एकीकृत भवन के शिलान्यास पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि लगभग 58 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस भवन में विभाग की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाएं एक ही परिसर में संचा. लित होंगी। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, सचिव राधिका झा, अपर सचिव अभिषेक रोहेला, अनुराधा पाल, झरना कमठान एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी पहलों के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। होम स्टे योजना के माध्यम से राज्य के दूरस्थ गांव भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। लखपति दीदी योजना से प्रदेश की लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर योजना द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा दिया गया है।

### देश की पहली योग नीति

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने धार्मिक, साहसिक, ईको–टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों को विकसित किया है। उन्होंने बताया कि राज्य को योग की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए देश की पहली योग नीति शुरू की गई है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से राज्य के चार गांवों – जखोल, हर्षिल, गूंजी और सूपी – को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ग्रामीण विकास क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत किया गया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त बना रही है।

# कार में बैठकर हुड़दंग मचाने वालों पर चली पुलिस की कलम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शराब पीकर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। चालक द्वारा वाहन सवार व्यक्तियों को वाहन की खिडकियों पर बैठाकर खतरनाक ढंग से वाहन चलाने की पुलिस को सूचना मिली थी।पुलिस ने कार्रवाई कर कुठाल गेट के पास आकस्मिक चेकिंग के दौरान सभी अभियुक्तों को हिरासत में लिया।

स्थानीय व्यक्तियों द्वारा दूरभाष के माध्यम से थाना राजपुर पर सूचना दी कि कुठालगेट राजपुर रोड पर वाहन चालक द्वारा खतरनाक ढंग से गाडी चलाते हुए अपनी तथा आने जाने वाले अन्य लोगों की जान को खतरे में डाला जा रहा है। साथ ही कार में सवार युवक कार की खिडकियों से बाहर लटके हुए तथा शोर शराबा करते हुए हुडदंग मचा रहे हैं। राजपुर पुलिस ने चौकिंग अभियान चलाते हुए कुठालगेट के पास ही कार को रोक कर चौक किया गया तो पाया कि कार के चालक दिशांत पवार पुत्र प्रेमपाल पवार निवासी मुनिरका साउथ वेस्ट दिल्ली द्वारा शराब के नशे में गाडी चलाई रही थी तथा कार में सवार अन्य युवक सन्नी पंवार पुत्र धर्मेन्द्र निवासी शाहपुरजट दिल्ली, पंकज कुमार पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी जँहागीरपुर दिल्ली तथा अनिकेत पुत्र संजय निवासी मोलरबंद एक्सटेंशन बदरपुर बॉर्डर दिल्ली द्वारा वाहन की खिड़की से शरीर बाहर निकालकर शहर मे हुड़दंग मचाया जा रहा था। जिस पर पुलिस द्वारा कार चालक को मौके गिरफ्तार करते हुए वाहन को एमवी एक्ट में सीज किया गया तथा वाहन की खिडकियों में बैठकर हुडदंग कर रहे अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध पुलिस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की।

# भूमाफिया दीपक के विरुद्ध राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज

## दीपक मित्तल व उसकी पत्नी पर धोखाधड़ी के कई मुकदमे किए जा चुके हैं दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अपने साथियों के साथ मिलकर कम्पनी के खातों से धोखाधडी कर करोडों की धनराशी का गबन करने वाले भू–माफिया दीपक मित्तल के विरूद्ध धोखाधडी का एक और मुकदमा राजपुर थाने में दर्ज हुआ अभियोग हुआ। आरोपी दीपक मित्तल गबन की गई धनराशी को अपने अन्य साथियों के खातों में ट्रांसफर कर उससे कम्पनी द्वारा बनाये जा रहे फ्लैटों की बुकिंग करी थी।



रेसकोर्स थाना डालनवाला निवासी पीड़ित आर्यन वालिया पुत्र राजपाल वालिया ने थाना राजपुर मे मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पिता राजपाल वालिया की जमीन के सिलसिले में दीपक कुमार मित्तल पुत्र अश्विनी कुमार मित्तल निवासी देवपुरा हरिद्वार से मुलाकात हुई थी। दीपक कुमार मित्तल द्वारा पीड़ित के पिता को अपनी रीयल स्टेट कम्पनी पुष्पांजली रेआल्मस एण्ड इन्फ्रा टैक कम्पनी के सम्बन्ध में बताते हुए उनकी भूमि पर हाउसिंग प्रोजेक्ट लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने की बात बताई गई।

जिस पर पीड़ित के पिता द्वारा अपनी करोड़ो रूपये की जमीन को पुष्पांजली रेआल्मस एण्ड इन्फ्रा टैक कम्पनी को दे दी। जिसकी एवज में दीपक मित्तल द्वारा वादी के पिता राजपाल वालिया को अपनी कम्पनी में निद. ेशक तथा पार्टनर बना लिया तथा स्वंय भी कम्पनी का डायरेक्टर बना रहा। आरोप है कि इस दौरान वर्ष 2019 में अलग–अलग तिथियों में दीपक मित्तल द्वारा अमव डेवलपर्स कम्पनी के निदेशक मनीष गुप्ता के साथ मिलीभगत कर कम्पनी से 3 करोड 32 लाख 50 हजार रूपये अपने मित्र मनीष गर्ग के साथ मिलीभगत कर कम्पनी से 2 करोड 47 लाख 36 रूपये तथा मनीष गर्ग की पत्नी विनिता गर्ग के साथ मिलकर कम्पनी के बैंक खाते से 1 करोड 71 लाख 92 हजार रूपये की धनराशी का गबन करते हुए उक्त धनराशि को पहले अपने निजी खातों में हस्तांतरित किया तथा अपने निजी खाते से उक्त धनराशि को सम्बन्धित अभियुक्तों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर उक्त धनराशि के माध्यम से पुष्पांजली रेआल्मस एण्ड इन्फ्रा टैक कम्पनी द्वारा बनाये जा रहे फ्लैटों को क्रय करने के लिये वापस कम्पनी के खातों में जमा कराया गया।

आरोपियो ने कम्पनी के करोडों रूपयों का गबन कर कम्पनी से धोखाधडी की गई तथा जिन व्यक्तियों द्वारा कम्पनी के फ्लैट क्रय करने के लिये कम्पनी के खातों में धनराशी जमा की गई थी, उन सभी को फ्लैट दिये बिना उनकी धनराशि को छलपूर्वक आपसी मिली भगत से हडप लिया। भू माफिया दीपक मित्तल के विरूद्ध व उसकी पत्नी राखी मित्तल के विरूद्ध पूर्व में धोखाधडी तथा गैंगस्टर एक्ट के 9 मुकदमे दर्ज है। साथ ही रेड कार्नर नोटिस जारी करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जनपद स्तर से पूर्ण की जा चुकी है।

# पुलिस ने नहीं सुनी तो कप्तान के दरबार पहुंचा पीड़ित परिवार

## ऋषिकेश में पीड़िता की पुत्री के साथ हुई अभद्रता और मारपीट का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** घर में अकेली पाकर महिला की पुत्री के साथ मारपीट एवं गलत नियत के चलते उसे घसीट कर ले जाने का प्रयास करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही न होने के चलते शुक्रवार को पीड़िता अपने परिवार के साथ इंसाफ मांगने के लिए पुलिस कप्तान के दरबार में पहुंची और आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के कार्यालय में पहुंचकर पीड़िता की मां कंचन गुप्ता निवासी कृष्ण कुटी चंदेश्वर मार्ग माया कुंड ऋषिकेश ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व जब वह किसी काम के चलते घर से बाहर गई हुई थी तो घर में मेरी पुत्री अकेली थी। आरोप है कि मोहल्ले के ही कामेश्वर ने पीड़िता की पुत्री को घर के बाहर अकेला खड़ा देखकर कहासुनी के बाद उसके साथ मारपीट शुरू कर दी थी।यही नहीं पीड़िता की पुत्री को जबरदस्ती घसीट कर कमरे में ले जाने का प्रयास किया। पीड़ित पुत्री ने जब शोर शराबा किया तो आसपास के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए थे जिसके बाद आरोपी वहां से चलता बना था। जब पीड़िता ने इस घटना को लेकर अपने परिवार वालों को बताया और परिवार वाले आरोपी के घर शिकायत लेकर पहुंचे तो वहां मौजूद अमित सिंह, उषा देवी, अनिल, कामेश्वर आदि ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित परिवार इस घटना के बाद जब अपनी शिकायत लेकर पुलिस थाने पहुंचा तो वहां भी पुलिस ने आरो. पियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते पीड़ित परिवार इंसाफ पाने के लिए और आरोपियों को विरुद्ध कानूनी कार्यवाही को लेकर जिले के पुलिस कप्तान अजय सिंह के दरबार में पहुंचे और शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। सूत्रों के अनुसार आरोपी कृष्ण कुटी आश्रम में अपना कब्जा जमाना चाहते हैं।जिसे लेकर वहां वर्षों से रह रहे कई परिवारों के साथ आये दिन मारपीट करते रहते हैं। बताया जा रहा है कि उक्त आश्रम का मालिक कई वर्षों से लापता है। जिसके चलते आरोपी उसे जमीन पर अपना कब्जा जमाना चाहते हैं। आरोपी है कि पीड़िता की पुत्री के साथ भी अभद्रता एवं मारपीट की घटना घरों पर कब्जा जमाने को लेकर की गई। इस मामले में ऋषिकेश कोतवाल प्रदीप कुमार राणा का कहना है कि यह् प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं आया है जांच के बाद कार्यवाही होगी।

# जिलाधिकारी ने कराई पीड़ित मां के बच्चे की फीस माफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बीते सप्ताह शहीद भगत सिंह कालोनी निवासी महिला ने जिलाधिकारी के दरबार में गुहार लगाते हुए बताया था कि उसके पति की हाल ही में मृत्यु हुई है जिसके चलते उसके बच्चे की पढ़ाई भी बंद हो गई है।

पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सविन बसंल ने संकटाग्रस्त रिहान की पढाई पुनर्जीवित रखने के लिए एसजीआरआर एजुकेशन मिशन ने अनुरोध किया जिस मिशन द्वारा स्कूल के प्रधानाध्यापक को रिहान की शत्प्रतिशत् फीस माफी का पत्र जारी कर दिया।

■ पति की मौत के चलते बच्चे की हो गई थी पढ़ाई बंद

25 जुलाई को रिहान की मां गजाला ने डीएम से मिलकर अपना दुखड़ा सुनाया रिहान के पिता की हॉल ही मृत्यु हो गई है। परिवार का आर्थिकी का कोई साधन नही है परिवार के भरणपोषण की जिम्मेदारी रिहान पर आ गई है, रिहान को शाम को कैमिस्ट की दुकान पर कार्य कर परिवार और अपनी पढाई का खर्चा उठाता है।जिस पर जिलाधिकारी ने एसजीआरआर एजुकेशन मिशन को रिहान की फीस माफी का अनुरोध किया।

जिला प्रशासन के इस समय इस प्रकार के बहुत से प्रकरण आ रहे हैं, जिनमें बच्चों की फीस माफी या बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, विधवा महिला के रोजगार और आर्थिक सहायता से सम्बन्धित प्रकारण आते है जिस पर जिला प्रशासन त्वरित कार्यवाही कर रहा है। बच्चों की शिक्षा, महिलाओं को रोजगार, आर्थिक सहायता व बुजुर्गो को न्याय के लिए कार्यवाही की जा रही है।

## लैंसडाउन विधायक विधानसभा से इस्तीफा दें: प्रताप

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस की भारी जीत को उत्तराखंड में भाजपा की उल्टी गिनती की शुरुआत बताया है। धीरेंद्र प्रताप ने लैंसडाउन विधानसभा के विधायक दिलीप रावत की धर्मपत्नी का जिला पंचायत चुनाव में करारी हार पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि दिलीप रावत को विधानसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए उन्होंने कहा दिलीप रावत ने लैंसडाउन में अपने रिश्तेदारों का जिस तरह से परिवारवाद को बढ़ावा दिया है और जिस तरह से वहां पर कमीशन खोरी चल रही है उसके बाद जनता की नाराजगी इन चुनाव में प्रकट हो गई है।

# राज्य निर्माण में मातृ शक्ति का बड़ा योगदान: बॉबी पंवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मसूरी विधान सभा के तहत महानगर देहरादून में उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के सदस्यता अभियान वर्ष 25 का श्रीगणेश मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार ने एक बेटी को मिठाई खिलाकर किया।

पंवार ने कहा कि राज्य निर्माण में उत्तराखंड की मातृ शक्ति का बहुत बड़ा योगदान रहा जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने मातृ शक्ति को राज्य प्राप्ति की नींव बताया, सदस्यता अभियान की बैठक को संबोधित करते हुए पंवार ने कहा कि मोर्चा की पहली सदस्य के रूप में मातृ शक्ति को वंदन व अभिनंदन किया। उन्होंने कहा आज के युग में सामाजिक व राजनीतिक किसी भी स्थान पर बिना मातृ शक्ति के सहयोग से परिवर्तन नहीं आ सकता। यही वह शक्ति है जिसमें अनेक रूपों में हम सभी को रास्ता दिखाया।

■ उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के सदस्यता अभियान का हुआ श्रीगणेश

इस मौके पर महानगर देहरादून अध्यक्ष रामकुमार शंखधर, राजेंद्र भट्ट, चित्रपाल साजवान, पूर्ण सिंह रावत, अनिल डोभाल, संजीव शर्मा, विनीत सकलानी, सुदेश कुमार व राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने विकासखंड कालसी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कोरूबा का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय में शैक्षिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। कोरूबा में 150 की क्षमता के सापेक्ष वर्तमान में 143 बालिकाएं पढ़ रही है।



■ योग प्रशिक्षक, कम्प्यूटर टीचर, सुरक्षा गार्ड, सफाई कार्मिकों के पद पर होगी लोकल महिलाओं की तैनाती

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोरूबा में योग प्रशिक्षक, कम्प्यूटर टीचर, स्कूल में सुरक्षा गार्ड और सफाई कार्मिक की आवश्यकता पर जिलाधिकारी ने आसपास के गांव से लोकल महिलाओं की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बार्बेड वायर से बाउंड्री कराने और खेल मैदान के समतलीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र आंगणन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में 10 सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने के निर्देश दिए गए।बालिकाओं की ड्रेस के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाली सभी 143 बालिकाओं के लिए ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज क्रय करने के लिए भी विद्यालय को धनरा. शि दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कोरूबा स्कूल में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आरबीएसके टीम को प्रत्येक माह विजिट करने और स्वास्थ्य विभाग को शिविर लगाने के भी निर्देश दिए।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोरूबा के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एमके शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य उर्मिला धीमान सहित लोनिवि, जल संस्थान, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# आकाश ने लॉन्च किया एंथे 2025

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** छात्रों के सपनों को कामयाबी में बदलते हुए 16 सफल साल पूरे करने पर आकाश एजुक. ेशनल सर्विसेज लिमिटेड ( एईएसएल ) ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) की शुरुआत का ऐलान किया है।

भारत के एकेडमिक कैलेंडर में हर साल का सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट माने जाने वाले एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, एंथे 2025 में स्टूडेंट्स को 250 करोड़ तक की स्कॉलरशिप (100 फीसदी तक) दी जा रही है, जो क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस पर लागू होगी। इसके साथ ही 2.5 करोड़ तक के कैश अवॉर्ड्स भी दिए जा रहे हैं, जो मेडिकल या इंजीनियरिंग में सक्सेसफुल करियर का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स के लिए मददगार साबित होंगे। यह एग्जाम स्टूडेंट्स के लिए नीट, जी जैसे कॉम्पिटिटिव एग्जाम्स की बेस्ट कोचिंग पाने का रास्ता खोलता है, जो आकाश के एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा दी जाती है। इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, आकाश अब इन्विक्टस ऐस टेस्ट लॉन्च कर रहा है। इस अवसर पर एईएसएल के राजपुर ब्रांच हेड अखिलेश पुरोहित, असिस्टेंट डायरेक्टर उत्तराखंड शिवनाथ कुमार, मृणाल आनंद व रोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# डीएवी कॉलेज में हुआ छात्र सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** टेक्नो ज्ञान कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून में एक छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के होनहार छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज के वे एनसीसी छात्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जिन्होंने माउंट एवेरेस्ट लाइन पार की थी एवं गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग किया था। साथ ही, मंत्रणा डिबेटिंग सोसाइटी के वे छात्र भी सम्मानित किए गए जिन्होंने राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं डीएवी कॉलेज की पूर्व छात्रा शिल्पा चौहान, जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



इस अवसर पर एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष हिमांशु रावत, जिला उपाध्यक्ष उत्कर्ष जैन,आकाश वर्मा, नितिन नेगी,एवं मयंक रावत, सौरव सेमवाल, दक्ष रावत, भूमि रौतेला,आर्यन पंवार,सुमन मद्वाल,आदि कई एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ‘हिमालयी मोटरसाइकिल अभियान–2025’ का दून से आगाज

## भारतीय सेना व उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से हुआ शुभारंभ

■ सेना के शौर्य, साहसिक खेल और सीमांत पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय सेना की और से उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से भारतीय हिमालयी मोटरसाइकिल अभियान 2025 (आई–हिमेक्स–2.0) का शुक्रवार को देहरादून से औपचारिक शुभारंभ हुआ। यह अभियान साहस, सैन्य अनुशासन, पर्यावरणीय चेतना और सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अनूठा कदम माना जा रहा है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता, लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, मेजर जनरल एम.पी.एस. गिल, ब्रिगेडियर एम.एस. ढिल्लों, कर्नल मौसम कुमार, लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक खंडूरी निदेशक (बुनियादी ढांचा), उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद आदि मौजूद रहे। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य सीमावर्ती गाँवों (सक्रिय गाँव योजना) में पर्यटन को बढ़ावा देना, वहाँ की जैविक–सांस्कृतिक विविधता को उजागर करना और साहसिक पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना है।

**सेना के अदम्य साहस और पर्यटन विकास का अद्भुत संगम:** फ्लैग–ऑफ समारोह में सेना के अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और साहस का प्रतीक हैं, बल्कि यह उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में पर्यटन और साहसिक खेलों की अपार संभावनाओं को भी देश–दुनिया के सामने लाते हैं। उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने इस अभियान को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटन विकास के लिए एक निर्णायक पहल बताया है। विभाग का मानना है कि इस तरह की साहसिक गति. विधियों से युवाओं में रोमांच के प्रति रुचि बढ़ेगी और सीमावर्ती गाँवों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।




### 22 साहसी राइडर्स का दल रवाना

इस अभियान में कुल 22 मोटरसाइकिल सवार शामिल हैं, जिनमें 10 भारतीय सेना से तथा 12 रॉयल एनफील्ड समुदाय से हैं। ये राइडर्स गढ़वाल की दुर्गम पहाड़ियों, जटिल भू–भाग और कठिन मौसम परिस्थितियों से होते हुए लगभग 2000 किलोमीटर की रोमांचकारी यात्रा तय करेंगे। देहरादून से शुरू होकर यह यात्रा जोशीमठ, माणा, रिमखिम, हर्षिल और अन्य दुर्गम क्षेत्रों से होती हुई रुड़की में समाप्त होगी। इस दौरान प्रतिभागी न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करेंगे, बल्कि स्थानीय संस्कृति, विरासत और जनजीवन से भी रूबरू होंगे।

# व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों तथा जिला प्रशासन के मध्य अतिक्रमण के संबंध में बैठक सम्पन्न

### व्यापारियों द्वारा नाली के बाहर दुकान न लगाने एवं सड़क पर अतिक्रमण न करने पर बनी सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने हरिद्वार नगर एवं हर कि पैड़ी क्षेत्रान्तर्गत किये गये अतिक्रमण के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण किया गया इस दौरान जिलाधिकारी ने मेला अधिकारी एवं सचिव एचआरडीए एवं पुलिस के अधिकारियों को व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ अतिक्रमण को हटाने के सम्बन्ध में बैठक करने के निर्देश दिये गये थे। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर मेंलाधिकारी दयानंद सरस्वती की अध्यक्षता में सीसीआर सभागार में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर एचआरडीए मनीष कुमार सिंह एवं सीओ सीटी शिशुपाल नेगी मौजुद रहें।

बैठक में अपर मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती ने कहा कि हरिद्वार नगर क्षेत्र एवं हरकी पैड़ी क्षेत्र को साफ-स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा एवं परेशानी न हो तथा कोई अप्रिय घटना घटित न हो पाये इसके लिए यह जरूरी है कि सड़क किनारे, हरकी पैड़ी व विभिन्न धार्मिक क्षेत्रान्तर्गत जो भी अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने सभी व्यापारियों से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी व्यापरियों से अपेक्षा की है कि नाली ऊपर एवं सड़क के किनारे किसी भी व्यापारी द्वारा अपना सामान नहीं लगाया जाएगा जिस पर सभी व्यापरियों द्वारा यह मांग की गयी कि



नाली के ऊपर उन्हें सामान लगाने दिया जाये, नाली के बाहर सड़क पर किसी भी व्यापारी द्वारा कोई भी सामान नही लगाया जाएगा। सभी व्यापारियों द्वारा जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। अपर मेंला अधिकारी ने यह भी अपेक्षा कि है कि हरकी पैड़ी क्षेत्रान्तर्गत वाहन पार्क न किये जाये। उन्होंने कहा कि हर की पैड़ी क्षेत्र के व्यापाायों शैल क्षेत्र एवं अपर बाजार के व्यापरियों के दो पहिया वाहनों को भीमगौड़ा टेलिफोन एक्सजेंज के पास उपलब्ध स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था करायी जाएगी, जिस पर सभी व्यापरियों द्वारा सहमति दी गयी। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा मांग करते हुए कहा कि विद्युत विभाग द्वारा दिये जाने वाले अस्थायी विद्युत कनेक्शनों के कारण अतिक्रमण बढ़ रहा है। उन्होंने ऐसे विद्युत कनेक्शनों को चिन्हित करते हुए हटाने की मांग की गई। जिस पर अपर मेंला अधिकारी ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि विद्युत विभाग को इस सम्बन्ध में एेंसे टेम्परेरी कनेक्शनों को चिन्हित करते हुए एक सप्ताह के भीतर हटवाने की कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने यह भी कहा है कि अस्थाई दुकानें लगायी गई जैसे रोडीब्बैल वाला, भीगौड़ा, वैरागी कैम्प में कल से हटाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा दस दिन के भितर सभी क्षेत्रों अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर ली जायेगी तथा इन क्षेत्रों में फिर से अस्थाई अतिक्रमण न हो इसके लिए पुलिस एवं होमगार्ड के जवान तैनात कर दिये जाएगें। बैठक में सचिव एचआरडीए मनीष कुमार सिंह, सीओ सीटी शिशुपाल नेगी, संरक्षक व्यापार मंण्डल जेपी बड़ोनी, जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल संजीव नय्यर, नगर अध्यक्ष व्यापार मण्डल राजीव पराशर, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मण्डल तेज प्रकाश साहु, महानगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील सेठी, महामंत्री व्यापार मण्डल अमन शर्मा, जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल संदीप शर्मा सहित अन्य व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# पंचायत चुनाव में जीत पर महानगर कांग्रेस ने बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रदेश के 12 जनपदों में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराने का दावा करते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी ने देवपुरा चौक मिठाईयां बांटकर हर्ष जताया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की जीत से साफ हा गया है कि जनता भाजपा से परेशान हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में जीत दर्ज करेगी। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान और वरिष्ठ नेता सोम त्यागी ने कहा कि उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा सरकार में महिलाओं पर हुए अत्याचार के विरोध में कांग्रेस की जीत से साफ है भाजपा की विदाई तय है। पूर्व पार्षद राजीव भार्गव और महानगर कांग्रेस महासचिव तरूण व्यास ने कहा कि जनता ने उत्तराखंड से भाजपा की विदाई का मन बना लिया है। पार्षद महावीर वशिष्ठ और पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार ने कहा कि पंचायत चुनावो में कांग्रेस की जीत से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और खुशी की लहर है। पार्षद विवेक भूषण विक्की, पार्षद सोहित सेठी, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, युवा नेता अजय गिरी ने कहा कि भाजपा सरकार में फैले भ्रष्टाचार, महिला अपराध के विरोध में उत्तराखंड की जनता ने भाजपा को मुंह तोड़ जवाब दिया है। इस दौरान विजय प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि अकरम अंसारी, एनएसयूआई अध्यक्ष याज्ञिक वर्मा, अरूण राघव, ओम मलिक, हिमांशु राजपूत, आशीष भारद्वाज, ऋषभ अरोड़ा, आशु श्रीवास्तव, करनसिंह राणा, मोहित अरियाल, गौरव गोस्वामी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



### शराब के नशे में कार हरकी पैड़ी ले जाने की जिद करना पड़ा भारी

# पुलिस ने चालक व कार सवार व्यक्तियों का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शराब के नशे में कार हरकी पैड़ी ले जाने की जिद करना कार चालक व उसके साथियों को भारी पड़ गया। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर कार सीज करने के साथ चालक का मोटर वाहन अधिनियम तथा कार मे सवार दो अन्य व्यक्तियों का पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर दिया। साथ ही चालक के ड्राईविग लाइसेंस निरस्त्रीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। घटना बीती देर रात भीमगोड़ा बैरियर की है। खड़खड़ी की तरफ से आ रही एक कार बैरियर क्रास कर हरकी पैड़ी की तरफ जाने लगी तो बैरियर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे रोक दिया। इस पर कार चालक और उसमें सवार दो अन्य लोग कार हरकी पैड़ी ले जाने की जिद करने लगे।



मौके पर तैनात एसआई अंशुल अग्रवाल, कांस्टेबल हेमंत पुरोहित, विनोद व जीवन तिवाड़ी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, नहीं मानने पर उनका मेडिकल प्रशिक्षण किया और तीनों के नशे में होने की पुष्टि होने पर चालक नवीन पुत्र कर्मवीर निवासी जोशी थाना इसराना जिला पानीपत हरियाणा को मोटर वाहन अधिनियम के तहत हिरासत में ले लिया और कार को भी सीज कर दिया। जबकि कार में सवार परमजीत पुत्र प्रताप सिंह व नवदीप पुत्र जोगिन्दर निवासी नलौता थाना इसराना जिला पानीपत हरियाणा का पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर दिया।

# स्वास्थ्य कैंप का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी की और से किडजी स्कूल फेरूपुर शाखा में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों, स्कूट स्फाट की नेत्र, दंत, बीपी, शुगर आदि जांच कर परामर्श दिया ओर फार्मासिस्ट द्वारा दवाएं वितरित की। क्षेत्रवासियों ने शिविर का लाभ उठाया। चिकित्सा कैंप का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, लक्सर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अमरीश गर्ग तथा महादेव प्राइवेट आईटीआई के प्रधानाचार्य राकेश वर्मा ने किया। स्कूल के प्रबंधक मोहित वर्मा ने स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसईटी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल की कॉर्डिनेटर रश्मि वर्मा, स्कूल आईटीआई का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# बाबा अमीर गिरी घाट का नाम नहीं बदले जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ब्रह्मलीन महंत विनोद गिरी की शिष्या एवं बाबा अमीर गिरी धाम की परमाध्यक्ष म.मं. साध्वी राधा गिरी ने अमीर गिरी घाट का नाम नहीं बदले जाने की मांग करते हुए एक अन्य संस्था द्वारा बनाए गए घाट के द्वार के उद्घाटन अवसर पर आंदोलन की चेतावनी दी है। जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी राधा गिरी ने कहा कि बाबा अमीर गिरी घाट पर अवैध रूप से द्वार का निर्माण किया गया है। इसको लेकर उन्होंने हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, वन विभाग सहित तमाम संबंधित विभागों में शिकायत दर्ज करायी। विभागों से लगातार संपर्क किया। धरना प्रदर्शन भी किया। जो कि वर्तमान में भी जारी है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि घाट का नामकरण उनके दादा गुरू बाबा अमीर गिरी के नाम पर किया गया था। लेकिन अब अन्य संस्था घाट पर कब्जा करने का प्रयास कर रही है।

# स्मेक समेत दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोशनाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ व थाना सिडकुल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को स्मैक समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13.47 ग्राम स्मैक बरामद की है। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। बीती रात मुखबिर की सूचना पर एएनटीएफ और थाना सिडकुल पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अंशुल पुत्र जसवीर निवासी गांव बडझेड़ी थाना ऊण जिला शामली उत्तर प्रदेश हाल निवासी ब्रह्मपुरी थाना सिडकुल व राहुल पुत्र कैलाश निवासी शंकर मार्केट कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल हाल निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल को स्मैक समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में एसआई महीपाल सैनी, एसआई नरेंद्र सिंह, एएनटीएफ एसआई रणजीत तोमर, कांस्टेबल सुनील कुमार व रविन्द्र कुमार शामिल रहे।




# सैनी आश्रम प्रबंधन समिति को लेकर फैलाया जा रहा है भ्रम : आदेश सैनी सम्राट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सैनी आश्रम के संचालन को लेकर जारी विवाद के बीच सैनी आश्रम प्रबंधन समिति ने अपना पक्ष सामने रखा है। ज्वालापुर स्थित सैनी आश्रम में प्रैसवार्ता के दौरान नवगठित प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल सैनी ने बताया कि आश्रम के संचालन को लेकर कई तकनीकी दिक्कतें सामने आने के बाद प्रबंधन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके संबंध में तीन प्रस्ताव पास किए गए। प्रस्तावों के अनुरूप ही प्रबंधन समिति का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि सैनी समाज के लोगों को प्रबंध समिति में शामिल करने की संख्या को भी असीमित कर दिया गया है। अब सैनी समाज को कोई भी व्यक्ति निर्धारित शर्तो को पूरा करने के बाद प्रबंधन समिति का सदस्य बन सकता है। इस संबंध में रजिस्ट्रार को पत्र भी दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थो के चलते प्रबंधन समिति को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। आदेश सैनी सम्राट ने कहा कि कुछ लोग अनर्गल बयानबाजी कर समिति के पदाधिकारियों को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। समाज के लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। तरह-तरह के दावे कर झूठ फैलाया रहा। आश्रम पर किसी का कोई कब्जा नहीं है। आश्रम समाज का है और समाज का ही रहेगा। उन्होंने कहा कि आजीवन सदस्यों एवं साधारण सदस्यों की संख्या को असीमित करने के साथ चुनाव लड़ने और वोट डालने का अधिकार दिया जाएगा। इस संबंध में प्रस्ताव पास कर उप निबंधक कार्यालय में जमा कर दिया गया है। तत्काल प्रभाव से साधारण सदस्य एवं आजीवन सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# एथलेटिक्स डे आफ इंडिया के रूप में मनाया डा. ललित के. भनोट का जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के भीष्म पितामह माने जाने डा. ललित के. भनोट का जन्मदिवस एथलेटिक्स डे ऑफ इंडिया के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गोल्डन माइन रन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जयध्वज सैनी ने हरी झंड़ी दिखाकर किया। दौड़ प्रतियोगिता सैनी आश्रम आर्य नगर हरिद्वार से शुरू होकर आर्यनगर चौक होते हुए वापस सैनी आश्रम पर समाप्त हुई। प्रतियोगिता में दिव्य प्रेम सेवा मिशन और योग धाम आर्य नगर हरिद्वार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। बालिका वर्ग में रजनी प्रथम, शुभी द्वितीय, तृप्ति तृतीय, आस्था चतुर्थ, तृष्णा पांचवें व रूबी ने छठा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में हेमंत प्रथम, हेरन दूसरे, रवि तीसरे, राकेश चौथे, सचिन पांचवें और विवेक छठे स्थान पर रहे। पूर्व डीएसपी जगदीश लाल सैनी, धर्मेंद्र सिंह चौहान, राजेश मिश्रा, डा.भीम सिंह सैनी, जयध्वज सैनी, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष कपिल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह चौहान प्रधानाचार्य आदर्श बाल सदन इंटर कालेज बहादुरपुर जट्ट, राजेश मिश्रा, मुस्कान थापा, सचिन आर्य आदि और प्रतिभागी बालक बालिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव भारत भूषण ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष कपिल को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दक्षेश्वर महादेव मंदिर कनखल में पूजा अर्चना की और गंगा में दुग्धाभिषेक व पुष्पांजलि अर्पित कर डा.ललित के. भनोट के उत्तम स्वास्थ्य और उनके परिवार की खुशहाली की कामना की। जिसमें मुख्य रूप से सचिव भारत भूषण, धर्मेंद्र सिंह चौहान, पुष्पराज पांडे पूर्व अध्यक्ष नेपाल विद्यार्थी संघ, पदमा पांडे अध्यक्ष गोरखाली महिला कल्याण समित, राजेश मिश्रा, पुष्पेंद्र चौधरी आदि सम्मिलित रहे।

### देशी शराब के ठेके को हटाने की मांग तेज

# देवभूमि भैरव सेना ने आबकारी विभाग को लिखा पत्र, जल्द होगा धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में स्थित देशी शराब के ठेके को लेकर एक बार फिर विरोध तेज हो गया है। स्कूल से महज कुछ ही दूरी पर चल रहे इस ठेके को हटाने के लिए देवभूमि भैरव सेना संगठन ने आबकारी विभाग को लिखित पत्र भेजा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

गौरतलब है कि क्षेत्र में पूर्व में अंग्रेजी शराब का ठेका भी मौजूद था, जिसे स्थानीय जनता और सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद प्रशासन ने हटा दिया था। उस समय प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि दोनों ठेकेख़ अंग्रेजी और देशी को हटाया जाएगा। हालांकि, अब तक केवल अंग्रेजी शराब का ठेका ही हटाया गया है, जबकि देसी शराब का ठेका यथावत चल रहा है।

देवभूमि भैरव सेना ने सवाल उठाया है कि क्या यह आबकारी विभाग की मिलीभगत है, जो देसी ठेके को हटाने में इतना विलंब किया जा रहा है? संगठन का कहना है कि शराब ठेका बच्चों के भविष्य को खराब करने वाला साबित हो सकता है, क्योंकि यह स्कूल से बेहद करीब स्थित है और छात्र-छात्राओं पर इसका गलत प्रभाव पड़ता है। संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द ही ठेके को हटाने की ठोस कार्यवाही नहीं की तो क्षेत्रीय जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। स्थानीय निवासीयो का कहना है, स्कूल के पास शराब का ठेका होना बेहद शर्मनाक है। छोटे-छोटे बच्चे जब स्कूल आते-जाते हैं, तो वहां खड़े नशे में धुत लोगों को देखकर डर जाते हैं। हम कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, महिलाओं का कहना हैं कि शराब ठेका हटना चाहिए। हमारे बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। यहां लड़ाई-झगड़े आम हो गए हैं। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। देवभूमि भैरव सेना के कार्यकारिणी अध्यक्ष दिवाकर वर्मा ने कहा कि हमने आबकारी अधिकारी को स्पष्ट कर दिया है कि यदि जल्द ठेका नहीं हटाया गया तो संगठन सड़क पर उतरेगा। यह जनहित से जुड़ा मामला है, किसी भी सूरत में अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन जनता की इस गहरी नाराजगी को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या देसी शराब के ठेके को हटाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाता है या फिर विरोध और भी तेज होगा।




# भेल के गांधी उद्यान लगी गांधी मूर्ति से चश्मा हुआ चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भेल स्थित गांधी उद्यान में गांधी जी की आदम कद की एक मूर्ति लगी हुई है। इस उद्यान की देखरेख भेल प्रबंधिका करती आ रही है। दो-तीन महापूर्व भी गांधी जी का चश्मा और लाठी चोरी हो गया था और जब यह समाचार अखबारों में छपा उसके बाद भेल प्रबंधिका ने चश्मा और लाठी लगा दिया था। देखरेख के अभाव मे गांधी उद्यान का गेट खुला पड़ा रहता था और बड़ी-बड़ी घास खड़ी हो गई थी जिसको भैसे चरा करती थी। सभी पेड़ पौधे भी लगभग नष्ट से हो चुके हैं। जब कई दिनों तक उद्यान का गेट खुला दिखा तो एक समाजसेवी में इस बात की सूचना भेल प्रबंधन को दी थी। जिसका संज्ञान लेकर गेट में ताला लगाया गया। लेकिन तब तक गाँधी जी का चश्मा चोरी हो चुका था। जबकि भेल प्रबंधिका ने मध्य मार्ग पर पार्क के सामने कैमरे भी लगाए हुए हैं। चश्मा चोरी की सूचना भी भेल प्रबंधन को दी जा चुकी है।



# युवक को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने रात्रि में संघन चैकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कि गुरुवार देर रात पुलिस ने रात्रि संघन चैकिंग के दौरान एक युवक को कटारपुर डीपीएस स्कूल के पास से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस को पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम अंशुल पुत्र मांगेराम निवासी धनपुरा पथरी बताया। आरोपी अवैध चाकू के बारे में कोई सन्तोष जनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ सर्म्बधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गये अभियान में एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। युवक को न्यायालय में पेश किया गया है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ**
**डी.एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादराबाद में

# डायरिया नियंत्रण एवं स्तनपान पखवाड़े का किया शुभारभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादराबाद में डायरिया नियंत्रण एवं स्तनपान पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ बहादराबाद ग्राम प्रधान नीरज चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. आरती बहल ने उपस्थित आशा कार्यकर्ता और लाभार्थियों को डायरिया की रोकथाम तथा स्तनपान के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डा. बहल ने बताया कि डायरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जाने योग्य बीमारी है। इसे स्वच्छता सुरक्षित पेयजल और सही जानकारी से नियंत्रण में लाया जा सकता है साथ ही उन्होंने स्तनपान को शिशु जीवन में प्रथम अमृत बताते हुए कहा कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करना बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और बच्चे को कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। कार्यक्रम में डा. विजय रमोला (चिकित्सा अधिकारी), शबाना अंसारी (परिवार नियोजन समन्वयक), अनुज गुप्ता (बी.एम), रोहित कुमार (डीईओ), राहुल कुमार (एफएस), श्रीमती साक्षी (एएनएम), श्रीमती रीता रानी, एवं श्रीमती राजेश प्रभा, शाहिद खान एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे सभी ने मिलकर 'डायरिया मुक्त भारत' एवं 'हर शिशु को स्तनपान का अधिकार' जैसे संकल्प लिए और इस स्वास्थ्य अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम का उद्देश्य माता एवं जन-जन को जागरूक कर नवजात को बेहतर स्वास्थ्य देना था।



# भगवान आशुतोष का प्रिय माह है सावन : कैलाशानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि सावन भगवान आशुतोष का प्रिय माह है। सावन में प्रतिदिन शिव आराधना करना विशेष फलदायी है। श्री दक्षिण काली मंदिर में शिव आराधना के दौरान स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखण्ड है। जीवन के सारे तत्व शिव में निहित हैं। शिव तत्व का अनुभव करने के लिएउच्च इंद्रियों की जागृति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को ऊं नमः शिवाय मंत्र अत्यधिक प्रिय है। ऊ नमःशिवाय का जाप करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। तनाव से छूटकारा मिलता है। अशांत मन नियमित जप से स्थिर हो जाता है और अपार शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि सृष्टि में 9 ग्रह और 27 नक्षत्र हैं। शिव तत्व पीठासीन ऊर्जा है और ग्रहों को नियंत्रित करती है। जिसके प्रभाव से हानिकारक ग्रहों का प्रभाव दूर होता है। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि शिव आराधना अनंत फल प्रदान करने वाली है। आवश्यकता समर्पण भाव से आराधना करने की है। जो व्यक्ति पूर्ण समर्पण भाव से भगवान शिव के शरणागत होकर उनका ध्यान ओर उपासना करता है। उसे भगवान शिव की अनंत कृपा की प्राप्ति होती है।



# डीएम का दूर दराज आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण

**■ कस्तूरबा गांधी विद्यालय कोरूबा की संवरेगी तस्वीर, डीएम के निर्देश पर डिजिटल पठन-पाठन के लिए जल्द बनेगा स्मार्ट क्लास रूम, वाईफाई, 10 कंप्यूटर, इन्वर्टर व 150 स्टडी टेबल मौके पर स्वीकृत, स्वास्थ्य जांच के लिए आरबीएसके टीम को प्रत्येक माह स्कूल विजिट करने और स्वास्थ्य विभाग को हेल्थ कैंप लगाने के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने विकासखंड कालसी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कोरूबा का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय में शैक्षिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। कोरूबा में 150 की क्षमता के सापेक्ष वर्तमान में 143 बालिकाएं पढ़ रही है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोरूबा में योग प्रशिक्षक, कम्प्यूटर टीचर, स्कूल में सुरक्षा गार्ड और सफाई कार्मिक की आवश्यकता पर जिलाधिकारी ने आसपास के गांव से लोकल महिलाओं की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। कहा कि जिला योजना से कार्मिकों के मानदेय का भुगतान किया जाएगा। इससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा।

विद्यालय परिसर में बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बार्बेड वायर से बाउंड्री कराने और खेल मैदान के समतलीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र आंगणन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में 10 सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने को कहा।

विद्यालय में बालिकाओं के डिजिटल पठन पाठन के लिए जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास रूम बनाने, वाईफाई सुविधा, 10 कम्प्यूटर, विद्युत इन्वर्टर, प्रत्येक बालिका के लिए स्कूल को 150 स्टडी टेबल क्रय करने के निर्देश दिए। वही आवासीय सुविधा के लिए 7 वाटर गीजर, 4 वाशिंग मशीन, 1 फ्रीजर, 150 डाइनिंग फर्नीचर, एक रोटी मेकर मशीन क्रय करने के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को जिला योजना और प्रोजेक्ट उत्कर्ष के तहत शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

विद्यालय में पेयजल की बडी समस्या पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को तत्काल पेयजल योजना हेतु आगणन तैयार करने के निर्देश दिए। बालिकाओं की ड्रेस के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाली सभी 143 बालिकाओं के लिए ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज क्रय करने के लिए भी विद्यालय को धनराशि दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कोरूबा स्कूल में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आरबीएसके टीम को प्रत्येक माह विजिट करने और स्वास्थ्य विभाग को शिविर लगाने के भी निर्देश दिए।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोरूबा के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एमके शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य उर्मिला धीमान सहित लोनिवि, जल संस्थान, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जिपं चुनाव में बढ़त से उत्साहित कांग्रेसियों ने निकाला विजय जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत चुनावों में चकराता और कालसी ब्लॉक की सीटों पर कांग्रेस को मिली मजबूत बढ़त से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को छावनी बाजार में जोरदार विजय जुलूस निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और जमकर आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जौनसार-बावर की जनता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि चकराता कांग्रेस का गढ़ है, जिसे भाजपा कभी नहीं भेद पाएगी। उन्होंने दावा किया कि आगामी जिला पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस का होगा और यह पद जौनसार-बावर से ही सुशोभित होगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अभिषेक सिंह को अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त चेहरा बताया।इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सुनील जैन, आनंद सिंह, कमल रावत, दिनेश चांदना, मदन पाल, अनिल वोहरा, अतर सिंह, सुरेश चौहान, मनमोहन चौहान, गंभीर सिंह, साहिल खान, अनुभव अरोड़ा, सत्यपाल चौहान, गुमान सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर निगम में एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र का उद्घाटन

**■ नगर निगम देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल, नगर आयुक्त नमामि बंसल ने किया शुभारंभ**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।**नगर निगम देहरादून में स्थापित एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र का विधिवत उद्घाटन नगर निगम देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल, नगर आयुक्त नमामि बंसल व नगर निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य नगर निगम के विभिन्न विभागीय कार्यों की निगरानी एक ही प्लेटफॉर्म पर सुनिश्चित करना है। एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र की मदद से अब नगर निगम द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग की सभी गतिविधियों की वास्तविक समय पर निगरानी की जा सकेगी।नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया गया कि आने वाले समय में एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र को स्मार्ट सिटी मिशन के अन्य घटकों जैसे कि ट्रैफिक मॉनिटरिंग, वॉटर सप्लाई ट्रैकिंग और स्ट्रीट लाइट नियंत्रण से भी जोड़ा जाएगा, जिससे देहरादून को एक स्मार्ट और स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।

**-शिकायत निवारण प्रणाली:** नगर निगम के ऐप एवं हेल्पलाइन नंबरों पर आने वाली नागरिक शिकायतों को एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र के माध्यम से तुरंत प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

-वाहनों की रीयल-टाइम ट्रैकिंग: डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस आधारित निगरानी की सुविधा के माध्यम से सेवाओं की नियमितता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी।

-स्मार्ट रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण: एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र डैशबोर्ड पर सभी आंकड़ों का विश्लेषण कर रणनीतिक निर्णय लिए जा सकेंगे जिससे नगर निगम की कार्यक्षमता में गुणात्मक सुधार होगा।

## एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र की मुख्य विशेषताएं एवं लाभ

-यूजर चार्जेस संग्रहण प्रणाली की निगरानी: एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में हो रहे यूजर चार्जेस संग्रहण की निगरानी एवं रिपोर्टिंग अब और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी होगी

-स्रोत पर कचरा पृथक्करण की समीक्षा: एकीकृत नियंत्रण एवं आदेश केंद्र डैशबोर्ड पर हरे और नीले डिब्बों के वितरण, उपयोग एवं संबंधित वार्ड-स्तरीय प्रगति की भी रिपोर्टिंग सुनिश्चित की गई है।

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**■ भूस्खलन से कई मार्ग ठप, जेसीबी से राहत कार्य में जुटा लोक निर्माण विभाग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पहाड़ी क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के चलते चकराता और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। मलबा गिरने के कारण कई संपर्क मार्ग बाधित हो गए हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

खासतौर पर चकराता-लाखामंडल, बिरमोऊ, रिखाड़ और गौराघाटी-मानथात मोटर मार्गों पर भारी मात्रा में मलबा आ गया है। इन रास्तों के अवरुद्ध होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों, मरीजों और जरूरी काम से यात्रा करने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अस्थाई खंड ने तत्काल राहत कार्य शुरू किए। विभाग ने जेसीबी मशीनों की मदद से भूस्खलन प्रभावित स्थानों से मलबा हटाने का अभियान छेड़ दिया है। बारिश के बीच कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रही टीमों ने कई मार्गों को आंशिक रूप से खोल दिया है, जिससे कुछ हद तक राहत मिली है।विभागीय अधिकारियों के अनुसार, मौसम साफ होते ही सभी मार्गों को पूरी तरह से सुचारु करने का प्रयास जारी रहेगा। हालांकि, पहाड़ों में लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण खतरा बना हुआ है, जिससे प्रशासन और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है।

# डोमेन स्किल ट्रेनर का प्रशिक्षण व एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीज कार्यक्रम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शंकपुर स्थित पंजाब नैशनल बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आरसेटी उत्तराखण्ड के लिये डोमेन स्किल ट्रेनर का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एक दिवसीय एग्रीकल्चर क्रेटिड आउटरीज कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संजय भाटिया, मुख्य जिला अग्रणी प्रबन्धक पीएनबी देहरादून, आरपी सती, नोडल ऑफिसर आरसेटी, उत्तराखण्ड राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन देहरादून, ओपी पंवार, निदेशक पीएनबी आरसेटी. शंकरपुर, देहरादून एवं धीरेन्द्र कुमार वर्मा, राज्य नियंत्रक, आरसेटीज उत्तराखण्ड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मुख्य अतिथि संजय भाटिया एवं आरपी सती द्वारा डोमेन स्किल के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का आत्मविश्वास बढ़ाया साथ ही प्रशिक्षकों को अपने-अपने डोमेन परीक्षा उत्तीर्ण करने बाद गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण देकर प्रतिभागी स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकें।

ओपी पंवार, निदेशक आरसेटी द्वारा जानकारी दी गयी कि किस तरह भारत के प्रत्येक जिले में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ग्रामीण बेरोजगार नवयुवकों को स्वरोजगार स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने यह भी बताया की प्रशिक्षण संस्थान प्रदेश के दुरस्थ गांवों में भी विविध कठिनाइओं के बावजूद स्वरोजगार प्रशिक्षण दे रहे है, धीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि यह 2 दिवसीय प्रशिक्षण उन लोगों के लिये है जो उत्तराखण्ड की विभिन्न आरसेटीयों में प्रतिभागियों को विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण दे रहे है। 2 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उन्हें एक परीक्षा पास करनी होगी जिसे उत्तीर्ण करने पर आरसेटी की ट्रेनिंग में प्रशिक्षण के लिये उपयुक्त माना जायेंगा।

एग्रीकल्चर आउटीज के कार्यक्रम का आयोजन मण्डल कार्यालय पंजाब नैशनल बैंक, देहरादून द्वारा किया गया, जिसमें किसानों पशुपालकों और मत्स्य पालकों आदि ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रक्षिणार्थियों में दीपक, निशा, दीपा, मेघा, प्रेम लाल, ममता आदि एवं आरसेटी स्टाफ जहांग.ीर आलम, नवीन नेगी, विरेश नौटियाल, सरदार सिंह, धनवीर आदि मौजूद रहे।

# दून मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

**देहरादून।** मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ गीता जैन ने बताया कि स्तनपान माँ और बच्चे दोनों के लिए प्रकृति का एक अनमोल उपहार है। माँ का दूध शिशु के लिए सिर्फ भोजन ही नही बल्कि सम्पूर्ण आहार और सुरक्षा कवच भी है। चिकिसा अधीक्षक डॉ आर. यस. बिष्ट ने बताया कि माँ के दूध मे शिशु के विकाश के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वा, प्रोटीन, फेट, विटामिन सही मात्रा मे मौजूद होते हैं। डॉ अशोक कुमार विभाग अध्यक्ष बाल रोग ने बताया कि माँ के दूध मे एंटीबॉडी होती हैं जो शिशु को निमोनिया, दस्त, कान के संक्रमण और अन्य कही बीमा.रियों से बचाती है इसे शिशु का पहला टीका भी कहा जाता है।

# गंगा संरक्षण के कार्यों में हो रही देरी पर मुख्य सचिव नाराज

**■ सभी कार्यों को समय से पूरे करने के मुख्य सचिव ने दिए निर्देश राज्य गंगा समिति की 18वीं बैठक में की संरक्षण कार्यों की समीक्षा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**राज्य गंगा समिति की 18वीं बैठक मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि गंगा के संरक्षण और कायाकल्प के लिए किए जा रहे सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। कहा कि लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट आदि कार्यों के लिए कार्यदायी संस्थाओं को गंभीरता से कार्य किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला गंगा समितियों की बैठक भी ससमय अनिवार्य रूप से करवा ली जाएं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, सीसीएफ पराग मधुकर धकाते, सदस्य सचिव यूपीसीबी एस पी सुबुद्धि, उपाध्यक्ष एमडीडीए एवं डीजी सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि जल निगम के अंतर्गत तैयार किए जा रहे सीव.रेज मैनेजमेंट प्लांट्स का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की बनाने जाने से पहले इसके लिए गठित समिति की संस्तुति अनिवार्य रूप से ले ली जाए। उन्होंने कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल एवं रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तिलवाड़ा एसटीपी निर्माण में हो रही देरी के लिए संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को भूमि हस्तांतरण आदि कार्यों एक माह में निस्तारित कर कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेशभर में सीवेज मैनेजमेंट का अंतर विश्लेषण करवाये जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने गंगा की विभिन्न सहायक नदियों की फ्लड प्लेन जोनिंग और हाइड्रोलॉजिकल सर्वे कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने मॉनिटरिंग सिस्टम को ऑनलाइन किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाय प्रोडक्ट के लिए स्लज मैनेजमेंट प्लान अनिवार्य रूप से तैयार किया जाए। उन्होंने लेगेसी वेस्ट की बाकी बची ३७ साइट्स को शीघ्र क्लियर किए जाने हेतु कार्य योजना प्रस्तुत किए जाने की बात कही।

# 5 फीसदी से नीचे लाए सहकारी बैंकों का एनपीए:डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**राज्य के सहकारी बैंकों में एनपीए को 5 फीसदी से नीचे लाने को ठोस रणनीति तैयार करने निर्देश अधिकारियों को दे दिये हैं। इसके अलावा की बहुउद्देशीय समितियों के गठन, बिजनेस प्लान, ऑडिट तथा पैक्स कम्प्यूटरीकरण में तेजी लाने को भी अधिकारियों को कहा गया है। सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ रावत ने शुक्रवार को मियांवाला स्थित निबंधक कार्यालय सभागार में सहक.ारिता की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें सभी 13 जनपदों के जिला सहायक निबंधक, सहकारी बैंक सचिव व महाप्रबंधक मौजूद रहे। बैठक में डॉ रावत ने सहकारी बैंकों की जनपदवार ग्रॉस एनपीए की समीक्षा कर अधिकारियों को हर हाल में एनपीए को 5 फीसदी से कम करने की समयबद्ध रणनीति तैयार करने निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने सल बहुउद्देशीय समितियों के गठन, बिजनेस प्लान, ऑडिट तथा पैक्स कम्प्यूटरीकरण को लेकर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये। बैठक में अपर निबंधक ईरा उप्रेती द्वारा ष्सहकार मंथनष तथा प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के प्रबंध निदेशक मंगला त्रिपाठी द्वारा गुजरात अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके अतिरिक्त राज्य में सहकारिता के भावी रोडमैप पर भी चर्चा हुई।

डॉ. रावत ने कहा कि वह स्वयं प्रत्येक जनपद में डीएम, सीडीओ, सचिव सहकारिता और निबंधक की उपस्थिति में जिलेवार समीक्षा बैठकें करेंगे, जिसकी शुरुआत हरिद्वार जनपद से की जायेगी।

उन्होंने विभिन्न अभिनव योजनाएं



लाने के निर्देश दिए, जिनमें विशेष रूप से निम्न बिंदु शामिल रहे:

ठेली-खोमचे व्यवसायियों को जोड़कर नए खाता खुलवाने की योजना इन्हें प्रतिदिन के अनुसार व्यापार के लिए पैसा दिया जाए जिससे उनकी आरती की में भी सुधार हुआ और बैंक को व्यावसायिक लाभ हो प्रदेश के 17,000 स्कूलों के खाते जिला सहकारी बैंकों में खुलवाने के लिए प्रधानाचार्यों व शिक्षा अधिकारियों से समन्वय।

प्रदेश के 25,000 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके बैंक खाते खोले जाएं। तीन लाख डिग्री कॉलेज छात्रों को भी सहकारिता बैंकिंग से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सहक.ारिता मेला के लिए डिजिटल माध्यम से सुझाव आमंत्रित करने, थीम आधारित आयोजन, तथा जनपद/प्रदेश स्तर पर मासिक पत्रिका प्रकाशन की भी घोषणा की। डॉ. रावत ने कहा कि, ष्बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियां सहका.रिता विभाग की आत्मा हैं। इन समितियों में योग्य प्रशिक्षित सचिवों की नियुक्ति को प्राथमिकता दी जाए।ष वीर माधौ सिंह भंडारी सामूहिक खेती की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को कार्रवाई तेज करने को कहा। बैठक के अंत में उन्होंने साफ संदेश देते हुए कहा कि, ष्जिन जिलों में सहकारी बैंक कर्मचारियों की कार्यप्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनका मूल्यांकन कर जबरन सेवा. निवृत्ति जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जाए।ष साथ ही अन्य राज्यों जैसे गुजरात, केरल व कर्नाटक के सफल सहकारिता मॉडल को उत्तराखंड में अपनाने पर भी विचार करने को कहा। समीक्षा बैठक में सचिव सहकारिता डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक सहकारिता डॉ मेहरबान बिष्ट, अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद शुक्ल, प्रबंध निदशक मंगला त्रिपाठी, उप निबंधक रमेन्द्री मंदरवाल, जिला सहायक निबंधक मुख्यालय राजेश चौहन, मोनिका चुनेरा समेत सभी जनपदों के जिला सहायक निबंधक सचिव महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

# किसानों को आज मिलेगी पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को गढ़ी कैंट स्थित हरवंश कपूर मेमोरियल हॉल का दौरा कर आगामी 02 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के वितरण के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान जोशी ने कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश के बनारस स्थित बनोली गांव से इस किस्त का वितरण करेंगे, जिसे देशभर में लाइव प्रसारित



किया जाएगा।

कृषि मंत्री ने बताया कि देहरादून के गढ़ी कैंट में स्थित हरवंश कपूर मेमो.रियल हॉल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर एवं कृषि विज्ञान केंद्रों सहित केंद्रीय कृषि संस्थानों में भी यह कार्यक्रम एक साथ आयोजित किया जाएगा। सभी आयोजन स्थलों को टू-वे वीडियो कनेक्शन से जोड़ा जाएगा, जिससे किसान सीधे प्रधानमंत्री से संवाद भी कर सकेंगे। कृषिमंत्री जोशी ने प्रदेश के किसानों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। इस अवसर पर अपर निदेशक कृषि परमाराम सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं पार्टी कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरकार के नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान को मिल रहा जनसमर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों को सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है, ताकि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जा सके और समाज में दीर्घकालिक बदलाव की नींव रखी जा सके। सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के माध्यम से प्रदेशभर में स्कूली छात्रों को केंद्र में रखकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की मंशा स्पष्ट है हम एक ऐसा उत्तराखंड बनाना चाहते हैं, जहाँ युवा पीढ़ी नशे से मुक्त, जागरूक और सशक्त हो। स्कूली छात्रों को केंद्र में रखकर शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान इस दिशा में एक मजबूत कदम है।

### इंडियन अकैडमी स्कूल में विशेष व्याख्यान

देहरादून के नेहरू ग्राम स्थित इंडियन अकैडमी पब्लिक स्कूल में विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखंड के सहायक निदेशक डॉ. पंकज सिंह ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों, लत लगने के जोखिमों तथा इससे बचाव के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था एक संवेदनशील दौर होता है और इस उम्र में नशे की ओर झुकाव जल्दी होता है।

ऐसे में छात्रों को समय रहते जागरूक करना बेहद जरूरी है। डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि नशे की लत केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर भी गंभीर असर डालती है।

छात्रों से ह्यूमन चेन बनाने का आग्रह डॉ. पंकज सिंह ने छात्रों से आह्वान किया कि वे इस जानकारी को अपने मित्रों, परिवारजनों और समुदाय के अन्य लोगों तक भी पहुचाएं, ताकि यह एक "ह्यूमन चेन" की तरह समाज में सकारात्मक संदेश फैला सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाकर एक नशामुक्त उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार करना है।

### विद्यालय की भूमिका, छात्रों की सहभागिता

इस कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की निदेशक मुनेन्द्र खंडूरी की अहम भूमिका रही। प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने कहा माननीय मुख्यमंत्री जी की पहल से अब जमीनी बदलाव दिखाई देने लगे हैं। यदि स्कूलों से यह मुहिम शुरू होती है, तो इसका प्रभाव हर घर तक पहुंचेगा। हमारे छात्र ही समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

### छात्रों की प्रतिक्रिया

शिव थपलियाल (छात्र) ने कहा इस मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल सराहनीय है।

हमें नशे से दूर रहना चाहिए ताकि भविष्य सुरक्षित रह सके। नियती उनियाल (छात्रा) ने कहा इस कार्यशाला से बहुत महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलीं। हमें इस अभियान से जुड़कर अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।

### युवा पीढ़ी हो नशे से मुक्त

सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार ने इस अवसर पर कहा हमारा प्रयास रहेगा कि यह मुहिम हर जिले, हर विद्यालय तक पहुंचे और एक जन आंदोलन का रूप ले। उन्होंने आगे कहा इस अभियान में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता से ही दीर्घकालिक सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते हैं। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों में संवे.दनशीलता एवं आत्मबल बढ़ाने वाले संवादों को प्रोत्साहित करें।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य एवं नागरिक प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्य सेनगुप्ता (यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम) ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य एवं नागरिक प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सेना न केवल देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, बल्कि नागरिक समाज के साथ समन्वय स्थापित कर विकासात्मक कार्यों में भी सक्रिय सहभागिता कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य उत्तराखंड में सेना द्वारा स्थानीय समुदायों की सहायता हेतु विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। इसके साथ ही, प्राकृतिक आपदाओं के समय सेना द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों में जो सराहनीय सहयोग प्रदान किया जाता है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।

